रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

परीक्षाफार्म के साथ अब विद्यार्थी भरेंगे फीडबैक फार्म
रादुविवि में नैक मूल्यांकन को लेकर बैठक का आयोजन

जबलपुर 04 फरवरी 2022। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के आगामी मूल्यांकन को लेकर सभी शिक्षक और कर्मचारी पूरी लगन से कार्य करें। इस बार हमें विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड तक पहुंचाने के लिए काम करना होगा। नैक मूल्यांकन कार्य के लिए सबसे जरूरी पहलू है विद्यार्थियों का फीडबैक इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से बेस्ट प्रेक्टिसिस के अंतर्गत गूगल फार्म तैयार कराए जा रहे हैं, जिन्हें विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म भरने के पूर्व फीडबैक गूगल फार्म को ऑनलाईन फिल करना होगा। उपरोक्त निर्देश माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने विश्वविद्यालय में नैक तैयारियों को लेकर आज कौंसिल हाल में आयोजित बैठक में दिये।

विवि नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सभी विभागों से वर्ष 2021–2022 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने पेंडिंग एक्यूआर को जल्द अपलोड करने की दिशा में पहल करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है नैक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो। यह कार्य सभी लोगों के प्रयास से ही संभव होगा। कोरोना काल के कारण पहले ही काफी देर हो चुकी है। पठन–पाठन और परीक्षा के साथ परीक्षा परिणाम भी घोषित करना है। विश्वविद्यालय की गरिमामयी बौद्धिक परंपरा को शिखर पर कायम रखने के लिए पठन–पाठन का वातावरण सृजन करना हम सभी का उद्‌देश्य होना चाहिए।

कम्प्रेंसिव वायवा के दौरान परीक्षार्थी भरेंगे फीडबैक फार्म–
बैठक में विश्वविद्यालय के सभी विभागों को कम्प्रेंसिव वायवा के दौरान सभी परीक्षार्थियों के फीडबैक फार्म आवश्यक रूप से भराये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस फीडबैक फार्म में विद्यार्थी विभागीय अकादमिक गुणवत्ता को लेकर अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान विवि कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह ने कहा कि विवि ज्यादातर इंडिकेटरों में अच्छी स्थिति में है। जिन इंडिकेटर पर कार्य करने के आवश्यकता है उन्हें बेहतर किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुसंधान, परामर्श, छात्र सुविधाओं, संस्थान के संगठन एवं प्रबंधन, छात्र एवं संस्थान के मध्य अनुशासन, मूल्यांकन हेतु संस्थान के संसाधन तथा शिक्षा प्रदान करने हेतु आवश्यक उपकरण आदि सभी विषयों पर विश्वविद्यालय पूर्ण गुणवत्ता एवं नैक के मानकों के अनुरूप कार्य करें, ताकि मूल्यांकन श्रेणी "ए" ग्रेड हो सके। इस अवसर पर विवि आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. राजेश्वरी राणा, संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश

बाजपेयी, प्रो. रामशंकर, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. एस.एस. संधु, डॉ.. जे.के. मैत्रा, डॉ. अश्विनी जायसवाल, सहायक कुलसचिव सुश्री मिनाल गुप्ता एवं सुश्री मोनाली सूर्यवंशी, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. अजय मिश्र, डॉ. जया सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

विद्यापरिषद की बैठक का आयोजन

जबलपुर 04 फरवरी 2022। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद की बैठक आज प्रातः 11.00 बजे कुलपति कक्ष में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह एवं संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित की गयी। विद्यापरिषद की बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विविध कॉलेजों में कोड 27 एवं कोड 28 के मामलों को निराकृत किया गया। इसी के साथ कई प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. रामशंकर, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. एस.एस. पाण्डेय, प्रो. अलका नायक, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. एन.जी. पेण्डसे, उपकुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, सहायक कुलसचिव अभयकांत मिश्रा एवं सुश्री मोनाली सूर्यवंशी उपस्थित रहे।